प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.04.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20/बजे

सीपीएस

प्रदेश उच्च न्यायालय में सीपीएस की नियुक्ति देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुनवाई आज भी जारी रहेगी। यह बहस न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीसी नेगी की खंडपीठ के समक्ष सोमवार से हो रही है। दोनों पक्षों की विस्तृत बहस सुनने के लिए इस मामले में तीन दिनों तक लगातार सुनवाई रखी गयी है जिसका आज अंतिम दिन है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज नादौन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वे कल दिल्ली में प्रत्याशियों के चयन को लेकर आयोजित होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने के लिए कल नई दिल्ली जाऐंगे। बैठक में लोकसभा और विधानसभा उप–चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगने की उम्मीद है।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 4 से 8 मई तक शिमला प्रस्तावित दौरे को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कल पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी और अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने संकट मोचन मंदिर, तारा देवी मंदिर, कैचमेंट एरिया और दी रिट्रीट का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति शिमला के विभिन्न स्थानों पर जाएँगी।

चुनाव–रिहर्सल

लोकसभा चुनाव के मद्येनजर शिमला जिले के 8 विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव कर्मियों की पहली रिहर्सल आज से शुरू होगी। इसमें जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में रिहर्सल जुब्बल स्कूल के सभागार में होगी। कल 25 अप्रैल को शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र की रिहर्सल पोर्टमोर स्कूल और शिमला ग्रामिण विधानसभा क्षेत्र की रिहर्सल दो बैच में संजौली सभागार में होगी। जबकि 26 अप्रैल से अन्य विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव कर्मियों की रिहर्सल आयोजित की जाएगी।

स्वीप कार्यक्रम

चंबा जिला के भट्टियात में स्वीप टीम द्वारा मिशन 414 के तहत कई नवाचारी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए नोडल अधिकारी डॉक्टर आकाशदीप शर्मा की अगुवाई में स्वीप टीम ने चुवाड़ी के निजी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान के तहत छात्रों व स्कूल प्रबन्धन के साथ मिलकर गाहर पंचायत के नागरिकों ने पेड़ लगाकर लोगों को पर्यावरण के साथ साथ मतदान के लिए प्रेरित किया। नोडल अधिकारी ने मतदान के महत्व को समझाते हुए लोगों को बताया कि मजबूत राष्ट्र के लिए मतदान रूपी वृक्ष को ओर मजबूत करना होगा।

सड़क बहाल

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 4 सौ 27 कि.मी. लंबे मनाली–लेह सड़क मार्ग को करीब 5 माह बाद यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। इसी उपलक्ष्य में सरचू में कल एक गोल्डन हैंडशेक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अभियंता परियोजना दीपक, नवीन कुमार, सीई सिविल शामिल हुए। इस दौरान वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए राजमार्ग को बर्फ से मुक्त घोषित किया गया। दीपक परियोजना के मुख्य अभियंता नवीन कुमार ने बताया कि इस सड़क पर पहले सेना के वाहनों की आवाजाही होगी फिर प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए अन्य वाहनों की आवाजाही शुरू करेगा ।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने हाईकोर्ट में सीपीएस मामले की सुनवाई से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है–**तीन निर्दलयी विधायकों व सीपीएस नियुक्तियों बारे आज हाईकोर्ट में सुनवाई।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**सीपीएस केस में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट लाएगी सरकार।** अमर उजाला के शब्द है–**सीपीएस मामले में सरकार को हाईकोर्ट ने आज तक पक्ष रखने का दिया समय।** जबकि दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है– **हाईकोर्ट में सीपीएस नियुक्ति केस की सुनवाई आज भी होगी।**

मुख्यमंत्री के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है–**जिन्हें जाना था, चले गए, अब कांग्रेस पूरी तरह मजबूत।** हिमाचल दस्तक के शब्द है–**प्रदेश कांग्रेस ने लिया है गंगूराम मुसाफिर को वापस हाईकमान से जल्द मिलेगी स्वीकृति।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**पालमपुर घटनाक्रम पर राजनीति करना ठीक नहीं।**

जयराम ठाकुर के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है–**हार के डर से चुनाव लड़ने से मुकर रहे कांग्रेस नेता।**

अनुराग ठाकुर के हवाले से दैनिक सवेरा टाईम्स की सुर्खी है–**हिमाचल को कांग्रेस ने छला, झूठी गारंटियां देकर जनता को ठगा।**

दैनिक भास्कर के अनुसार–**बेंगलुरू के 12 साल के बच्चे की हिमाचल में मौत पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान।** जबकि दैनिक जागरण और दिव्य हिमाचल की लगभग एक जैसी सुर्खी है–**बिना मार्शल चल रही पेराग्लाईडिंग साईटस को बंद करने का आदेश।**

बीआरओ ने पांच माह बाद बहाल किया मनाली–लेह मार्ग–अमर उजाला की खबर है। वहीं पंजाब केसरी के शब्द है–**अटल–टनल मार्ग पर हिम–स्खलन मनाली–लेह मार्ग बहाल।**

अवैध खनन के 3028 चालान काटे, ईडी के पास कार्रवाई के लिए भेजे 7 मामले दैनिक भास्कर की एक खबर है।

हिमाचल दस्तक के अनुसार–**एसएमसी शिक्षकों को झटका, साल में 10 महीने का ही मिलेगा वेतन।एक से 22 अप्रैल तक सामान्य से 21 फीसदी कम बरसे बादल**– आपका फैसला की एक खबर है।